# एशियाई खेलों का इतिहास, प्रतियोगिताओ के नाम, आयोजन वर्ष तथा मेज़बान देशो की सूची

**एशियाई खेलों का इतिहास:**

एशियाई खेल प्रत्येक चार वर्ष बाद आयोजित होने वाली प्रतियोगिता है जिसमें केवल एशिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ी भाग लेते हैं। एशियाई खेलों को एशियाड के नाम से भी जाना जाता है। इन खेलों का नियामन एशियाई ओलम्पिक परिषद द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक परिषद के पर्यवेक्षण में किया जाता है। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के लिए स्वर्ण, दूसरे के लिए रजत और तीसरे के लिए कांस्य पदक दिए जाते हैं, जिस परम्परा का शुभारम्भ 1951 में हुआ था। प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन नई दिल्ली, भारत में किया गया था, भारत ने वर्ष 1982 में पुनः इन खेलों की मेज़बानी की। 16वें एशियाई खेलों का आयोजन 12 नवंबर से 27 नवंबर, 2010 के बीच किया गया, जिनकी मेज़बानी ग्वांगझोउ, चीन ने की। 17वें एशियाई खेलों का आयोजन 17 सितम्बर से 04 अक्तूबर 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन शहर में हुआ था।

**एशियाई खेल** 2018:

18वें एशियाई खेलों का आयोजन इंडोनेशिया के जकार्ता व पालेमबांग नामक दो शहरों में 18 अगस्त से 02 सितम्बर के मध्य किया गया था। इंडोनेशिया ने दूसरा एशियाई खेलों का आयोजन किया, इससे पहले 1962 में इंडोनेशिया ने जकार्ता में एशियाई खेलों का आयोजन किया था। एशियाई खेल के अगले संस्करण का आयोजन वर्ष 2022 में चीन के हांगझोऊ में 10 से 25 सितम्बर 2022 के मध्य किया जायेगा।

18वें एशियाई खेलों में 45 देशों से लगभग 11,000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें खिलाड़ियों ने 40 खेलों की 67 प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया। इसमें पहली बार ई-स्पोर्ट्स (विडियो गेमिंग) और केनो पोलो को भी शामिल किया गया था। इस बार के एशियाई खेलों में चीन ने सर्वाधिक पदक जीते, चीन ने 132 स्वर्ण, 92 रजत और 65 कांस्य पदक जीते। एशियन गेम्स 2018 में सबसे अधिक पदक जीतने के मामले में जापान और दक्षिण कोरिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। 18वें एशियाई खेलों की पदक तालिका में भारत 8वें स्थान पर रहा, भारत ने 15 स्वर्ण पदक, 24 रजत पदक और 30 कांस्य पदक जीते।

**18वें एशियाई खेलों में भारत की स्थिति:**

भारत ने एशियन खेल 2018 में शानदार प्रदर्शन करके कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की, जो पिछले 67 साल के एशियाई खेलों के इतिहास में पहले कभी नहीं हुई थीं। 18वें एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण, 24 रजत और 30 कांस्य पदक सहित कुल 69 मेडल हासिल किए। इस प्रदर्शन के साथ ही भारत ने अपना सबसे ज्यादा पदकों का वर्ष 2010 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारत ने चीन के ग्वांगजू में आयोजित 16वें एशियाई खेलों में 65 पदक हासिल किए थे। इसमें 14 स्वर्ण, 17 रजत और 34 कांस्य पदक शामिल थे।

इसके साथ ही भारत ने एशियाई खेलों में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। भारतीय दल ने इस साल 15 स्वर्ण पदक (गोल्ड मैडल) अपने नाम किये है, इससे पहले भारत ने वर्ष 1951 में नई दिल्ली में आयोजित एशियन गेम्स में 15 स्वर्ण पदक जीते थे।

**एशियाई खेलों में होने वाली खेल प्रतियोगिताएँ:**

| | | |
|---|---|---|
| जलक्रीड़ा – गोताखोरी | साइक्लिंग | रग्बी यूनियन |
| जलक्रीड़ा – तैराकी | नृत्य क्रीड़ाएँ | पाल नौकायन |
| जलक्रीड़ा – लयबद्ध तैराकी | ड्रैगन नौका | सेपाक्टाक्रौ |
| जलक्रीड़ा – वाटर पोलो | घुड़सवारी | निशानेबाज़ी |
| तीरंदाज़ी | असिक्रीड़ा | सॉफ़्टबॉल |
| दंगल | फुटबॉल | सॉफ़्ट टेनिस |
| बैडमिंटन | गोल्फ | स्क्वैश |
| बेसबॉल | जिम्नास्टिक | टेबल टेनिस |
| बॉस्केटबॉल | हैंडबाल | ताइक्वाण्डो |
| बोर्ड क्रीड़ाएँ | हॉकी | टेनिस |
| बॉक्सिंग | जूडो | वॉलीबॉल |
| डोंगीयन | कबड्डी | भारोत्तोलन |
| क्रिकेट | कराटे | कुश्ती |
| क्यू क्रीड़ाएँ | रोलर क्रीड़ाएँ | वूशू |

**एशियाई खेलों का आयोजन वर्ष तथा मेज़बान देशो की सूची:**

| **आयोजन वर्ष** | **मेज़बान देश** |
|---|---|
| 1951 | नई दिल्ली, भारत |

| | |
|---|---|
| 1954 | मनीला, फिलीपीन्स |
| 1958 | टोकियो, जापान |
| 1962 | जकार्ता, इंडोनेशिया |
| 1966 | बैंकॉक, थाईलैंड |
| 1970 | बैंकॉक, थाईलैंड |
| 1974 | तेहरान, ईरान |
| 1978 | बैंकॉक, थाईलैंड |
| 1982 | नई दिल्ली, भारत |
| 1986 | सोल, दक्षिण कोरिया |
| 1990 | बीजिंग, चीन |
| 1994 | हिरोशिमा, जापान |
| 1998 | बैंकॉक, थाईलैंड |
| 2002 | बुसान, दक्षिण कोरिया |
| 2006 | दोहा, कतर |
| 2010 | ग्वांगझू, चीन |
| 2014 | इंचियोन, दक्षिण कोरिया |
| 2018 | जकार्ता तथा पालेमबांग, इण्डोनेशिया |
| 2022 | हांगझोऊ, चीन |

**वर्ष 2014 में हुए एशियाई खेलों के बारे में संक्षिप्त विवरण:**

17वें एशियाई खेल 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में आयोजित हुए। इनका आयोजन 17 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2014 के मध्य हुआ। 17वें एशियाई खेलों का शनिवार 4 अक्टूबर 2014 को भव्य समारोह के साथ समापन हो गया। इस दौरान जहां प्रतिभागियों के बीच हर पदक के लिए बेहद कड़ा संघर्ष देखने को मिला वहीं देश-विदेश से आए दर्शकों ने बेहद दोस्ताना माहौल में प्रतिस्पर्धाओं का लुत्फ उठाया। अंततः चीन एक बार फिर सर्वाधिक पदकों (कुल पदक- 342) के साथ एशियाई खेलों में अपना दबदबा कायम रखने में कामयाब रहा, जबकि हमेशा की तरह साउथ कोरिया (कुल पदक- 234) दूसरे और जापान (कुल पदक- 200) ने तीसरे पायदान पर रहते हुए अभियान समाप्त किया। 17वें एशियाई खेलों में 439 स्वर्ण पदकों के लिए 45 देशों के 14,000 खिलाड़ियों ने 36 खेलों में हिस्सेदारी की। आर्चरी, वेटलिफ्टिंग और शूटिंग में जहां 14 नए वर्ल्ड रेकॉर्ड्स बने, वहीं बड़ी संख्या में गेम्स रेकॉर्ड भी टूटे। चीन 151 स्वर्ण पदक सहित कुल 342 पदक जीत एशिया में खेलों का सिरमौर बना रहा। मेजबान साउथ कोरिया ने 79 स्वर्ण सहित कुल 234

पदक हासिल किए, जबकि जापान ने 47 स्वर्ण पदक के साथ कुल 200 पदक अपनी झोली में डाले।

**17वें एशियाई खेलों में भारत की स्थिति:**

भारत ने इन खेलों में 11 स्वर्ण, 10 रजत और 36 कांस्य सहित कुल 57 पदक हासिल किए और आठवें स्थान पर रहा। भारत 2010 ग्वांग्झू खेलों के अपने 65 पदकों की संख्या में सुधार करने या इसकी बराबरी करने के इरादे से उतरा था। भारतीय दल हालांकि पिछली बार ही तुलना में कम ही पदक जीत पाया। भारत ने 11 स्वर्ण जीते, जो पिछली बार की तुलना में 3 कम हैं। इसके अलावा उसने 10 रजत और 36 कांस्य पदक सहित कुल 57 पदक जीते। भारत पदक तालिका में 8वें स्थान पर रहा, जो पिछली बार के चीन खेलों की तुलना में 2 स्थान नीचे है।